आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को दंपत्ति राजी

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में परिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की गई। जिसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर थाए परन्तु परिवार परामर्श केंद्र के अधिकारी, कर्मचारीगण व विभिन्न क्षेत्र से नामित सदस्यों द्वारा दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया तथा पति.पत्नी के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह के कारणों को दूर किया गया। इस कार्यवाही से 01 परिवार को बिछड़ने से बचाया गया तथा हंसी.खुशी से विदा किया गया।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में प्रत्येक शनिवार को परिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों को अधिकारीध्कर्मचारीगण द्वारा बिछड़े परिवारों को पुनः जोड़ने का कार्य किया जाता है। बहुत सी ऐसी शिकायतें पर प्राप्त होती हैए जो पति.पत्नी में घरेलू कलह ए पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा आदि से संबन्धित होती हैं। परिवारों में दरारें न पड़े इसीलिए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी अखिलेश पांडेय एमहिला आरक्षी रिचा शुक्ला, महिला आरक्षी रंजनाएम0आ0 अंजना, आरक्षी प्रदीप आदि अधि0, कर्मचारीगण के अथक प्रयास से 01 जोड़ें को आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराकर घर भेज गया। महीनों से बिछड़े पति-पत्नी एक.दूसरे को मिष्ठान खिलाकरए साथ खुश नजर आए।